भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 644

जिसका उत्तर 28.11.2024 को दिया जाना है

असम में राष्ट्रीय राजमार्गों का चौड़ीकरण

644. श्री रंजीत दत्ता:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री वह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि असम में बाइहाटा चरियाली से मिशन चरियाली और गोहपुर से उत्तरी लखीमपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा अपनी संकरी चौड़ाई के कारण यात्रा के लिए असुविधाजनक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार की राष्ट्रीय राजमार्ग के इन खंडो को दो लेन से बढ़ाकर चार लेन तक चौड़ा करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) जी, हां। सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 15 विशेष रूप से बाइहाटा चरियाली और मिशन चरियाली के बीच क्षमता वृद्धि की मांग से अवगत है, जो वर्तमान में पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन है। समस्या का समाधान करने के लिए, राष्ट्रीय राजमार्ग 15 के बाइहाटा चरियाली से मिशन चरियाली खंड के चौड़ीकरण के मूल्यांकन के लिए एक परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता (पीएमसी) को नियुक्त किया गया है। संरेखण विकल्पों को वर्तमान में अंतिम रूप दिया जा रहा हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग 15 का गोहपुर से उत्तर लखीमपुर खंड पेव्ड शोल्डर विन्यास के साथ दो लेन में हैं और वर्तमान यातायात विस्तार के कारण तत्काल चौड़ीकरण और क्षमता वृद्धि की आवश्यकता नहीं है। सरकार यातायात विस्तार में, संसाधनों की उपलब्धता और परस्पर प्राथमिकता के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्गों की क्षमता वृद्धि करती है।

*****